जॉर्जिया और हरियाणा विभिन्न विषयों पर करेंगे सहयोग

चर्चा में क्यों?

30 जनवरी, 2023 को हरियाणा के गुरुग्राम ज़िले में जॉर्जिया के भारत में राजदूत आर्चिल जुलियाश्विली ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर हरियाणा और जॉर्जिया के बीच कई विषयों पर सहयोग के बारे में चर्चा की। इनमें मुख्यत: कृषि, मेडिकल एजुकेशन, हैल्थ सिस्टम, फार्माश्युटिकल और स्पोर्ट्स शामिल हैं।

प्रमुख बिंदु

- जॉर्जिया के राजदूत आर्चिल जुलियाश्विली ने हरियाणा सरकार द्वारा आई टी क्षेत्र में किये गए सफल प्रयोग को लेकर रुचि दिखाते हुए बताया कि जॉर्जिया हरियाणा की इस पहल से सीखना चाहता है कि किस प्रकार आईटी के प्रयोग से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाई जा सकती है।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा में की गई आईटी पहलों की जानकारी देते हुए बताया कि आईटी के प्रयोग से सरकारी कार्यों में जहाँ एक ओर पारदर्शिता लाने में मदद मिली है वहीं दूसरी ओर सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुँचाया जा रहा है।
- जॉर्जिया के राजदूत आर्चिल ने हरियाणा से अपने देश में योग को बढ़ावा देने के लिये सहयोग की मांग भी की है। इस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सहयोग का आश्वासन दिलाते हुए बताया कि विदेश सहयोग विभाग इस संबंध में एक फ्रेमवर्क बनाकर देगा कि किस प्रकार से हरियाणा जॉर्जिया को सहयोग दे सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/georgia-and-haryana-will-cooperate-on-various-subjects